Helpline 1064 | Whatsapp 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **पाली में नगर निगम हैरिटेज, जयपुर की सफाई कर्मचारी, उसका पुत्र एवं दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) 1 लाख 75 हजार रुपये रिश्वत राशि के साथ गिरफ्तार**

जयपुर, *12 जून, बुधवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की पाली द्वितीय इकाई द्वारा आज जैतारण, पाली में कार्यवाही करते हुये **श्रीमती आशा भाटी सफाई कर्मचारी नगर निगम, हैरिटेज जयपुर उसके पुत्र ऋषभ भाटी एवं योगेन्द्र चौधरी उर्फ रवि (दोनों प्राईवेट व्यक्ति)** को **1 लाख 75 हजार रुपये** रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की पाली द्वितीय इकाई को एक गोपनीय सूचना मिली की नगर निगम/नगर पालिकाओं में सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिये अभ्यर्थियों से रिश्वत राशि एकत्र कर संदिग्ध कार्मिक एवं दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) आज जैतारण से जयपुर आ रहे हैं।

जिस पर एसीबी उदयपुर (चार्ज जोधपुर रेंज) के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र गोयल** एवं एसीबी अजमेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरवीजन में एसीबी की पाली द्वितीय इकाई के **पुलिस निरीक्षक श्री चैनप्रकाश** के नेतृत्व में सूत्र सूचना को विकसित किया जाकर प्राप्त सूचनाओं पर कार्यवाही करते हुये आज मय टीम **पुलिस निरीक्षक श्रीमती कंचन भाटी एसीबी इन्टे अजमेर** के जैतारण, पाली में कार्यवाही करते हुए आरोपी श्रीमती आशा भाटी सफाई कर्मचारी नगर निगम, हैरिटेज जयपुर उसके पुत्र ऋषभ भाटी एवं योगेन्द्र चौधरी उर्फ रवि (दोनों प्राईवेट व्यक्ति) को **1 लाख 75 हजार रुपये** रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**